(ख) यदि हां, तो ये किन-किन स्थानों पर स्थापित किये जायेंगे;

(ग) क्या गैर-सरकारी क्षेत्र से ऐसी कोई प्रार्थना प्राप्त हुई है कि उन को भी इस में भाग लेने दिया जाये; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

निर्माण और आवास मन्त्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) चौथी योजना में दो फ़ोटो-लीथो और पांच फ़ार्मस मुद्रणालय स्थापित करने का विचार है।

(ख) एक फ़ोटोलीथो मुद्रणालय फरीदाबाद में स्थापित किया जायेगा और एक फार्मस मुद्रणालय गाज़ियाबाद में। बाकी के मुद्रणालयों के स्थान का अभी निश्चय नहीं किया गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) सवाल ही नहीं उठता।

अमरीकी सहायता

15. { **श्री ओंकार लाल बेरवा** : **श्री प० ह० भील** :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरीकी सहायता के बारे में बातचीत करने के लिए भारत सरकार की ओर से एक प्रतिनिधि-मंडल अमरीका जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो कितनी सहायता मांगी जायेगी और सहायता किस रूप में होगी;

(ग) क्या अन्य देशों को भी ऐसे प्रतिनिधि-मंडल भेजने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो किन देशों को ?

वित्त मन्त्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) (क) जी नहीं।

(ख), (ग) और (घ). ये सवाल पैदा ही नहीं होते।

जीवन बीमा निगम द्वारा दिये जाने वाले ऋण

16. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जीवन बीमा निगम ने अचल सम्पत्तियों को बन्धक के रूप में रख कर ऋण देने की योजना को हाल में दस और नगरों में लागू किया है;

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से तथा उन नगरों के क्या नाम हैं; और

(ग) योजना के निबन्धन तथा शर्तें क्या हैं ?

वित्त मन्त्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) और (ख). पहली जनवरी, 1965 से यह योजना नीचे लिखे दस और नगरों में लागू की गयी है :—

आगरा अजमेर, आसनसोल, जबलपुर, जालन्धर, लुधियाना, मेरठ, नासक, राजकोट और वाराणसी।

(ग) योजना की वर्तमान शर्तों में, जो इस प्रकार हैं, कोई परिवर्तन नहीं किया गया है :—

(1) ब्याज की दर 8 प्रतिशत वार्षिक और अदायगी हर छमाही। ब्याज और मूल की किस्तों की ठीक समय पर अदायगी करने पर ब्याज में 1 प्रतिशत की छूट;

(2) अधिकतम अवधि 15 वर्ष;

(3) मूल की किस्तों की अदायगी हर छमाही; और